## न्यूज डायरी




### कोरोना वैक्सीन लगवाने वालों को अमेरिका ने दी छूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस ने घोषणा की है कि 8 नवंबर से पूरी तरह से टीका लगाए गए विदेशी आगंतुकों को अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। वाइट हाउस के सहायक प्रेस सचिव केविन मुनॉज ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा, 'अमेरिका की नई यात्रा नीति 8 नवंबर से शुरू होगी, जिसमें अमेरिका में विदेशी यात्रियों के लिए टीकाकरण की आवश्यकता होगी।' खत्म होने से पहले दिवाली डील्स का उठाएं फायदा! ऐमजॉन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल 2021 मुनॉज ने कहा, 'यह घोषणा और तारीख अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा और सामान्य यात्रा दोनों पर लागू होती है।' सीएनएन ने वाइट हाउस के एक अन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि सीडीसी ने पहले ही एयरलाइनों को सूचित कर दिया है कि एफडीए द्वारा अनुमोदित और अधिकृत टीकों के साथ–साथ डब्ल्यूएचओ से आपातकालीन उपयोग सूची वाले सभी वैक्सीन को अमेरिका आने वाली हवाई यात्रा के लिए स्वीकार कर लिया गया है।

### पाकिस्तान में तेल के कीमतों में लगी आग, पेट्रोल 10 रुपये, डीजल 12 रुपये महंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इमरान खान के शासन में बढ़ती महंगाई से परेशान जनता के लिए एक और बुरी खबर है। पाकिस्तान सरकार ने अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल की कीमतों में 10.49 रुपये और हाई स्पीड डीजल के दाम में 12.44 रुपये की वृद्धि कर दी है। इससे एक दिन पहले ही इमरान सरकार ने बिजली के दामों में भी 1.39 रुपये प्रति यूनिट की वृद्धि करके आम जनता को जोरदार झटका दिया था। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के मुताबिक केरोसिन के दामों में भी 10.95 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं लाइट डीजल की कीमत भी 8.84 रुपये बढ़ाई गई है। वित्त मंत्रालय ने अपने नोटिफिकेशन में कहा, वर्तमान समय में अक्टूबर 2018 के बाद तेल की कीमतें दुनिया में सबसे ज्यादा करीब 85 डॉलर प्रति बैरल हैं। उसने कहा कि पूरे ऊर्जा क्षेत्र में इन दिनों काफी तेजी देखी गई है।

### Salt Bae के रेस्तरां में खाया 38 लाख रुपए का खाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। सोशल मीडिया पर 'Salt Bae' नाम से मशहूर तुर्की के शेफ नुसरत गोक्श ने पिछले महीने लंदन के नाइट्सब्रिज के पार्क टावर होटल में अपना 15वां रेस्तरां खोला था। रेस्तरां के खुलने के बाद से लोग सोशल मीडिया पर खाने के बिल की फोटो शेयर कर महंगे खाने के लिए रेस्तरां को ट्रोल कर रहे हैं। बिल में सलाद और फ्राइस जैसी आम चीजों के दाम भी काफी ज्यादा हैं। हाल ही में एक यूजर ने बिल की फोटो शेयर की जिसने महंगे खाने के अभी तक के सभी रेकॉर्ड्स को तोड़ दिया। इस बिल में खाने की 22 चीजें शामिल हैं जिनके दाम 37,023.10 पाउंड यानी करीब 38 लाख रुपए हैं। इस बिल में 5000 पाउंड का सर्विस चार्ज भी शामिल है। बिल में देखा जा सकता है कि ग्राहक ने सबसे ज्यादा पैसे वाइन पर खर्च किए हैं।

### स्पेस में जाते ही उड़ने लगे चीन के अंतरिक्ष यात्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन की एक महिला समेत तीन अंतरिक्ष यात्री छह महीने के रिकार्ड मिशन पर शेनझोउ–13 से शनिवार को अंतरिक्ष केंद्र के कोर मॉड्यूल तियान्हे पहुंच गए। चीनी अंतरिक्ष यात्री झाई झिगांग, वांग यापिंग और ये ग्वांग्फू अंतरिक्ष केंद्र के निर्माणाधीन कोर मॉड्यूल तियान्हे पहुंच गए। वे तियान्हे का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए छह महीने तक वहां रहेंगे। यह चीन के इतिहास में अंतरिक्ष का सबसे लंबा मानव अभियान है।
वांग अंतरिक्ष केंद्र जाने वाली चीन की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री हैं। 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' ने बताया कि लॉन्ग मार्च–2एफ रॉकेट से देर रात 12 बजकर 23 मिनट पर अंतरिक्ष यान को भेजा गया और करीब साढ़े छह घंटे बाद शनिवार सुबह छह बजकर 56 मिनट पर यान तियांगोंग अंतरिक्ष केंद्र के कोर मॉड्यूल पहुंचा। चीन के निर्माणाधीन अंतरिक्ष केंद्र के लिए यह दूसरा मानवयान भेजा गया है।

# पाकिस्तान को हथियार नहीं कबाड़ बेच रहा चीन, खरीदते ही फुस्स हुए ड्रोन


**चालाकी**

## चीनी फर्म की खराब सेवा और घटिया रखरखाव को सेना में शामिल किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। पाकिस्तान और चीन के बीच घनिष्ठ संबंध हैं लेकिन चीन का घटिया सामान इस दोस्ती को प्रभावित कर रहा है। पाकिस्तानी सेना अपनी मजबूती बढ़ाने के लिए काफी हद तक चीन पर निर्भर है। लेकिन पाकिस्तान रक्षा बलों को चीन से मिलने वाली आधुनिक हथियारों की सप्लाई की वजह से अब दोनों देशों के बीच कड़वाहट पैदा हो रही है। खराब गुणवत्ता वाले चीनी सैन्य हार्डवेयर और घटिया सर्विसिंग व रखरखाव के चलते इस्लामाबाद और पेइचिंग के बीच तनाव आ गया है। निसार अहमद ने लिखा कि चीन और पाकिस्तान अक्सर एक दूसरे के कब्जे वाले इलाके में एक–दूसरे के रुख का समर्थन करते हैं।

अल मायादीन की रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में चेंगदू एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री ग्रुप ऑफ चाइना की ओर से डिजाइन किए गए और CATIC की ओर से बेचे गए तीन सैन्य ड्रोन



सहयोग के रूप में जनवरी 2021 में पाकिस्तान एयर फोर्स में शामिल हुए थे।

**सेना में शामिल होते ही खराब हुए ड्रोनः** चीन के ये सैन्य उपकरण पाकिस्तानी सेना को मजबूत करने के बजाय उनके लिए सिरदर्द बन गए हैं। अहमद ने कहा कि चीन में बनाई गई लूंग ॥ मानवरहित हवाई प्रणाली (यूसीएवी) को पाकिस्तान सेना में शामिल किए जाने के कुछ दिनों के भीतर ही खराब होने के कारण रोक दिया गया है। चीन के सैन्य ड्रोन को लेकर Amader Shomoy ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान ने सिर्फ चीनी फर्म की खराब सेवा और घटिया रखरखाव को सेना में शामिल किया है।

**जवाब नहीं दे रही चीनी फर्मः** CATIC ने अब तक ड्रोन की मरम्मत और सर्विस के लिए की गई किसी भी कॉल का जवाब नहीं दिया है। फर्म की ओर से सप्लाई किए गए पुर्जे घटिया थे और ज्यादातर इस्तेमाल के लायक नहीं थे। सैन्य हवाई वाहनों को जल्द से जल्द चालू करने के लिए पाकिस्तान भेजे गए इंजीनियर भी इन्हें ठीक नहीं कर सके।

अहमद के मुताबिक अब पाकिस्तान के अधिकारियों ने चीनी फर्म से बेहतर और अनुभवी इंजीनियरों की टीम को भेजने के लिए कहा है ताकि इस गंभीर संकट से जल्द से जल्द निपटा जा सके।


**फुस्स हुआ चीन का हथियारः** ड्रोन पर लगे इंफ्रा–रेड कैमरे से नाइट्रोजन गैस का लीक होना सबसे बड़ी समस्या है। पाकिस्तानी वायु सेना चाहती है कि इंफ्रा रेड पॉड्स को तुरंत बदला जाए। जबकि चीनी फर्म उनके आवेदन का कोई जवाब नहीं दे रही है। यूएवी के अगला फ्यूल पंप भी फेल हो गया है।

लिहाजा चीन की सप्लाई पाकिस्तानी सेना के लिए एक मुसीबत बन गई है। अब पाकिस्तान सेना इनकी मरम्मत या बदले जाने का इंतजार कर रही है।

## काबुल ड्रोन हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा देगा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका ने काबुल के ड्रोन हमले में मारे गए नागरिकों के परिवार को मुआवजा और पुनर्वास की पेशकश की है। अमेरिकी सैनिकों के अफगानिस्तान से हटने से पहले अंतिम दिनों में आइएस आतंकी को निशाना बनाकर किए गए हमले में में दस आम नागरिकों की मौत हुई थी। काबुल के हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पश्चिम में ड्रोन हमले में बच्चों सहित नागरिकों की मौत हो गई थी।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि हमले में जान गंवाने वालों के परिजनों को संयुक्त राज्य अमेरिका पूरा मदद देगा। इसके साथ ही स्थानांतरित होने में रुचि रखने वाले परिवार के सदस्यों को विदेश विभाग के साथ काम करने का मौका दिया जाएगा। किर्बी ने कहा कि हमले में मारे गए लोग निर्दोष थे, जिनका इस्लामिक स्टेट खुरासान से कोई संबद्ध नहीं था और ना ही वो अमेरिकी सेना के लिए खतरा थे।
काबुल में ड्रोन हमले में सात बच्चों सहित 10 नागरिकों की मौत हो गई थी। पेंटागन ने पहले कहा था कि 29 अगस्त के हमले में इस्लामिक स्टेट के आत्मघाती हमलावर को निशाना बनाया गया था, जिसने हवाई अड्डे पर अमेरिकी नेतृत्व वाले सैनिकों के लिए एक आसन्न खतरा पैदा कर दिया था।



## अमेरिका में मिला दो सिर और छह पैरों वाला दुर्लभ कछुआ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में एक अजीबोगरीब कछुआ मिला है जिसके दो सिर हैं। यह बेहद दुर्लभ जीव है जिसकी खोज दो हफ्ते पहले की गई थी। कछुए के दो सिर और छह पैर हैं। कछुए को एक वाइल्डलाइफ सेंटर लाया गया है जहां पशु चिकित्सक इसके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं। दो सिरों के साथ पैदा होने की दुर्लभ स्थिति को बाईसेफली कहा जाता है। नवजात कछुआ दो जुड़े हुए जुड़वा कछुओं की तरह लगता है जिनके सिर अलग–अलग हैं। पानी में दोनों सिर सांस लेने के लिए अलग–अलग ऊपर आते हैं और प्रत्येक सिर अपने तीन पैरों के सेट को नियंत्रित करता है।

## रूस में कोरोना से एक दिन में 1000 मौतें, पहली बार इतने लोगों की गई जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। रूस में शनिवार को कोरोना वायरस से 1002 लोगों की मौत हो गई। कोरोना महामारी के प्रसार के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। यही नहीं रूस में लगातार कोरोना वायरस के नए मामलों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। पिछले 24 घंटे में रेकॉर्ड 33,208 मामले सामने आए। रूस में अब तक 222,315 लोगों की कोरोना वायरस से मौत हो गई है। वह भी तब जब रूस दुनियाभर को अपनी कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक की सप्लाइ कर रहा है।

रूस के कोरोना वायरस कार्यबल के मुताबिक देश में कोरोना वायरस के 79 लाख मामले सामने आए हैं। यूरोप में कोरोना से सबसे ज्यादा मरने वाले लोग रूस के ही हैं। दुनिया में कोरोना से 5वां सबसे ज्यादा प्रभावित देश है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय ने आरोप लगाया है कि रूसी लोग कोरोना वायरस वैक्सीन नहीं लगवा रहे हैं, इसी वजह से मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

रूसी लोगों के टीका नहीं लगवाने के कारण टीकाकरण की रफ्तार धीमी चल रही है। रूसी लोगों को कोरोना के टीके पर भरोसा नहीं है और उन्हें किसी भी नए मेडिकल प्रॉडक्ट को लेकर डर है। इस

### कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर 24 करोड़

बीच कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर 24 करोड़ हो गए हैं। वहीं इस महामारी से 48.8 लाख लोगों की मौत हो गई है। साथ ही इस घातक वायरस से बचाव के लिए कुल 6.58 अरब लोगों का टीकाकरण किया गया है।

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। शनिवार की सुबह तक वर्तमान वैश्विक मामले, मरने वालों की संख्या और टीके की कुल संख्या क्रमशः 240,036,345, 4,888,986 और 6,586,517,325 हो गई है। सीएसएसई के अनुसार, अमेरिका 44,883,603 मामलों और 723,747 मौतों के साथ दुनिया में सबसे अधिक प्रभावित देश बना हुआ है।

## ताजिकिस्तान में चीन ने बनाया खुफिया सैन्य अड्डा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुशांबे। दुनिया पर बादशाहत कायम करने के सपने देख रहे चीन ने ताजिकिस्तान के शयमक गांव में अपना सीक्रेट सैन्य ठिकाना बना लिया है। यह चीनी सैन्य अड्डा अफगानिस्तान की पश्चिमोत्तर सीमा से सटी ताजिक जमीन पर बनाया गया है। इसी चीनी अड्डे के पास सोवियत संघ का पुराना सैन्य अड्डा भी था। ताजा खुलासे में पता चला है कि चीन ने पिछले 5 साल से यह सैन्य अड्डा बना रखा है और दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। अब सैटलाइट तस्वीरों ने इस चीनी सैन्य ठिकाने की पोल खोलकर रख दी है। ताजिकिस्तान और चीन दोनों ने ही इस पीएलए ठिकाने के बारे में खबरों का खंडन किया है। वहीं अफगान मामलों की चर्चित न्यूज वेबसाइट गंधारा के लोगों ने इस रणनीतिक रूप से बेहद अहम इलाके का दौरा करके बताया कि चीनी सैनिक वहां मौजूद हैं और कई इमारतें बनाई गई हैं। इसके अलावा सैन्य्य ठिकाने के पास निगरानी टावर बनाए गए हैं। हालांकि अब अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद चीनी सैनिक दोराहे पर पहुंच गए हैं।